500 होश्यार सिंह सु० श्री रत्न सिंह
500 सोमवीर जी आर्य
500 सत्यवीर सिंह सु० श्री महा सिंह
500 जसवीर सु० श्री चन्दराम
500 सुखवीर सु० श्री श्रीराम
200 रामचद्र सु० श्री नरसिंह
200 सत्यवीर सिंह सु० श्री बख्तावर
100 सत्येन्द्र सु० श्री घासीराम

कुल नगद दान 15500 रु०

ग्राम मलिकपुर

ग्राम मलिकपुर का अन्न संग्रह श्री नरेश कुमार शास्त्री के द्वारा किया गया। जिसमें श्री सतीश जी आर्य सु० श्री सत्यव्रत जी पूर्व एस०डी० ओ०, ने साथ-साथ घूमकर अन्न संग्रह कराने में पूर्ण सहयोग दिया तथा अपना भी अन्न दिया। अत: आप गुरुकुल परिवार की ओर से विशेष धन्यवाद के पात्र हैं एवं अन्य दानी सज्जनों का भी धन्यवाद।

अन्न दान करने वाले व्यक्ति

कि०
200 सर्वश्री रामकुमार आर्य सु० श्री रणजीत
200 धर्मपाल सु० श्री सुलतान सिंह
150 कुलदीप सु० श्री ताराचन्द
100 सर्वर सिंह सु० श्री रघुवीर
100 सोमवीर सु० श्री होशियार सिंह
100 सत्यवीर सु० श्री उदय सिंह
100 प्रताप सिंह सु० श्रीमती छन्नो देवी
50 श्री जय सिंह सु० श्री अमर सिंह
50 विजय सिंह सु० श्री बलवीर
50 पाले राम सु० श्री दिवानसिंह
50 बलजीत सिंह सु० श्री दिवान सिंह
50 पवन कुमार सु० श्री होशियार सिंह
50 प्रताप सिंह सु० श्री सुखलाल
50 अजीत सिंह सु० श्री फतेह सिंह
50 मा० गजे सिंह सु० श्री दीपचन्द
50 संजय सु० श्री कप्तान सिंह
50 शमशेर सु० श्री कर्मवीर

50 जगफूल सु० श्री शेर सिंह

कुल अन्न दान 1500 किलो

नगद दान करने वाले व्यक्ति :-

रु०

4000 सर्वश्री महताब सिंह सु० श्री मुसद्दीलाल
2100 सत्यव्रत जी आर्य पूर्व एस०डी०ओ०
2100 अजय सु० श्री आजाद सिंह
1100 प्रदीप सु० श्री सत्यपाल सिंह
1100 राजवीर सिंह सु० श्री रिसाल सिंह
1100 शिशनपाल सु० श्री होशियार सिंह
1100 विकास सु० श्री धर्मवीर
1000 नरेश कुमार सु० श्री ओमप्रकाश
1000 धारा सिंह सु० श्री मुसद्दीलाल
1000 जगवीर सिंह सु० श्री फूलचन्द
500 सुनील सु० श्री महा सिंह
500 सोमवीर सु० श्री कमल सिंह
500 सुखदर्शन सु० श्री नफे सिंह
500 ब्रह्मानन्द सु० श्री नेकीराम
500 मा० सुरेन्द्र जी
500 सूबेदार जयवीर सिंह
500 भरत सिंह सु० श्री अमर सिंह
500 हिम्मत सिंह सु० श्री मंगलीराम
500 देवेन्द्र सु० श्री मा० राजेन्द्र
500 बनीसिंह सु० श्री सुखलाल
500 रामचन्द्र सु० श्री सरदार सिंह
500 सत्यवीर सु० श्री रण सिंह
500 प्रवेन्द्र सु० श्री मितलाल
500 मुकेश सु० श्री रामचन्द्र
500 पंकज सु० श्री रोहताश सिंह
500 स्व० वेदपाल सु० श्री मान सिंह
500 सूरजप्रकाश सु० श्री रणसिंह
500 मा० महीपाल सु० श्री हजारीलाल
500 उमेद सिंह सु० श्री कटार सिंह
500 रामेहर सु० श्री बिहारीलाल
500 सतीश सु० श्री ओमप्रकाश
500 जगवीर सु० श्री दरियाव सिंह
500 चन्दन सिंह सु० श्री खुशीराम
500 सुधीर सु० श्री अभयराम
300 विजयेन्द्र सु० श्री छाजूराम
300 महासिंह सु० श्री राय सिंह
300 विनोद सु० श्री हुक्कम सिंह
200 जयमल सु० श्री कटार सिंह
200 राजेन्द्र सिंह
200 उमेश सु० श्री विनय सिंह
200 विजयेन्द्र सु० श्री आशीष
200 सुन्दर सु० श्री जिले सिंह
200 मोनू सु० श्री प्रकाश
200 संजीव सु० श्री मितलाल
200 दिनेश सु० श्री कृष्णसिंह
200 मन्तलाल सु० श्री मानसिंह
200 शिव कुमार सु० श्री धीरसिंह
200 कर्ण सिंह सु० श्री जुगलाल
200 नान्हा सु० श्री कटार सिंह
200 रणवीर सिंह सु० श्री हवा सिंह
200 रवीन्द्र सु० श्री अनूप सिंह
200 ओमप्रकाश सु० श्री सूरत सिंह
200 फूलकुमार सु० श्री चन्द्र सिंह
200 बलवान सिंह सु० श्री राजवीर
200 पवन कुमार सु० श्री रामनिवास
200 महेश कुमार

200 डॉ० प्रवीण आर्य
200 हरीश कुमार सु० श्री भूपसिंह
200 राजवीर सु० श्री दरियाव सिंह
200 रामवीर सु० श्री अमित सिंह

100 रु० नकद देने वाले सज्जन-

सर्वश्री सुरेन्द्र सु० श्री रामफल, महावीर सु० श्री उदय सिंह, तेजबीर सु० श्री जय सिंह, राजसिंह सु० श्री फूल सिंह, जगवीर मिस्त्री, रोहित सु० श्री सुरेश, ओमप्रकाश आर्य, मायाचन्द आर्य, प्रदीप सु० श्री दयाकिशन, मंजीत सु० श्री दयाकिशन, हिमांशु सु० श्री राजवीर, फतेह सिंह आर्य, पूर्व सरपंच जयप्रकाश सु० श्री हवा सिंह, राजकुमार सु० श्री श्योनारायण, समय सिंह सु० श्री जुगतीराम कृष्ण कमार सु० श्री मौजीराम, जगदीप सु० श्री रामगोपाल।

50 रु० देने वाले सज्जन

51 रु० रणबीरसिंह, सुखदर्शन सु० श्री नफे सिंह, रामप्रताप जी, भोलू सु० श्री जगदीश, सुरेन्द्र सु० श्री नत्थुराम, नरेश बैनीवाल।

कुल नगद दान 35102 रु०

पुराने पत्रों के संदर्भ में

आचार्य भगवानदेव (स्वामी ओमानन्द जी) आर्यसमाज के प्रचार-प्रसार के लिए स्वयं दिन-रात जहां क्रियात्मक रूप से प्रयत्नशील रहते थे, वहीं अपने योग्य शिष्यों को भी देश-विदेश में प्रचारार्थ भेजने की योजना को क्रियान्वित करते रहते थे। इसी कड़ी में जब आचार्य जी सन् १९६६ में अण्डमान निकोबार में प्रचारार्थ जाकर वहां वैदिक धर्म के प्रति जनता में आकर्षण उत्पन्न कर दिया था तो यह आकर्षण बना रहे, इसी निमित्त उन्होंने अपने शिष्य ब्रह्मचारी सत्यव्रत वसु को अण्डमान में आर्यसमाज के प्रचारार्थ भेजा था। वहा जो कुछ वसु जी ने प्रचार और यज्ञ आदि के माध्यम से वैदिक धर्म की पताका फहाई वह उन्हीं के शब्दों में पढिये-

ब्रह्मचारी वसु द्वारा
भारत जनरल स्टोर
एवरडीन बाजार,
पोर्ट ब्लेयर
अण्डमान द्वीप १६.१.१९६९

श्रद्धेय गुरुवर
सादर नमस्ते
चरण स्पर्श

बहुत दिनों से आपका कोई कृपापत्र न मिलने से आपकी सेवा में यह पत्र लिख रहा हूं, क्योंकि आपका कृपा पत्र मिलता रहे तो मुझे बड़ा सम्बल रहता है। वैसे आपको कार्य बहुत रहता है इसका मुझे ध्यान है, पर महीने में एक पत्र तो अवश्य मिलना चाहिये। आपके आशीर्वाद से मैं खूब सफलता पूर्वक वैदिक विचारों और महर्षि के उद्गारों का यहां प्रचार कर रहा हूं। आपके तपोबल से अब यहां मेरी आवाज की प्रबलता के कारण निहचल सिंह आदि मेरी राह के सब कांटे मुड़ गये हैं, अत: उनकी पेश नहीं जाती, क्योंकि वह जानते हैं, हिन्दू जनता में एक ज्वार आ रहा है और इन लहरों को हमने रोकने की कोशिश की तो हम स्वयं बह जायेंगे अत: वह नमस्ते करने लगे

हैं। मैं गांव गांव में जाकर प्रचार कर सकूं ऐसी यहां के बाबू भगवान् सिंह जी, श्री मेहता जी श्री, श्याम नारायण दूआ जी जो सच्चे देशहितैषी हैं, मेरे कार्य से खूब प्रसन्न हैं। यहां के आफिसर वर्ग भी अच्छा सहयोग दे रहे हैं। e.e.जो सरदार जी हैं अभी पकड़ में नहीं आये हैं।

यहां कार्बिन्स कोव में संक्रांति को विशाल यज्ञ करके पहली बार यहां की जनता ने संक्रान्ति पर्व की महत्ता को जाना, वह तो आपने देखा है समद्र के किनारे लोगों की शराब पार्टी मनाने की जगह है परन्तु इस दिन विशाल यज्ञ से पवित्र होकर वहां का वायुमण्डल वेद की ऋचाओं से गूंज रहा था, जहां मुर्गियों के पंख उड़ा करते, वहां ओ३म् ध्वज लहरा रहे थे। लगभग २० गांवों के लोग ट्रकों, बसों, गाड़ियों में बैठकर ओ३म् ध्वज लहराते, वैदिक धर्म के नारे लगाते यहां पर पहुंच रहे थे।

दूसरी ओर एवरडीम बस्ती तथा बाजार के लोगों के लिये स्पेशल बस सर्विस का आपके युवक शिष्यों ने सरकार द्वारा प्रबन्ध करा दिया था। यहां के इतिहास में एक नया मोड़ आ रहा है, परन्तु यह धारा टूटनी नहीं चाहिये। अग्नि आपकी दया से मैंने प्रज्वलित कर दी है। कई द्वीपों में जाकर वेद के सन्देश को गुंजा दिया है। इस द्वीप समूह को मुसलमानों से उतना खतरा नहीं, जितना ईसाइयों से है। ईसाई पूरे छल-बल से लगे हुए हैं, क्योंकि यह द्वीप समूह सोने की खानें हैं, जैसा कि आप जानते हैं, भौगोलिक महत्त्व भी इनका कम नहीं है। मैं कार्य की अधिकता तथा खुराक (घी तो बिल्कुल नहीं मिलता) की कमी के कारण एक बार आपके चरणों में लौटकर पूरी शक्ति से यहां सपाटा मारूंगा। अत: गुरुकुल के उत्सव पर मैं पहुंच जाऊंगा। २२ या २३ को निकोबार चला जाऊंगा और फरवरी के दूसरे सप्ताह तक कलकत्ता पहुंच जाऊंगा।

यहां आयुर्वेदिक एक भी औषध नहीं है पूरे द्वीप समूह में, यदि कोई कम लोभी वैद्य यहां बैठ जाये और अपने गुरुकुल की एजेसी ले ले तो प्रचार मैंने खूब कर दिया है। कई तो मेरे छोटे मोटे टोटकों और भाई बलदेव जी व्याकरणाचार्य के द्वारा प्रदत्त औषधियों से ठीक भी हो चुके हैं। जो आये उसकी दुकान मैं जमवा दूंगा पर बोधेन्द्र देव जैसा लोभी न हो, अन्यथा आर्यों के प्रति अश्रद्धा ही करेगा, अगर कोई अच्छा हो तो तलाश करें।

शेष आपकी दया है। गायत्री मंत्र यहीं छपवा कर हजारों की संख्या में बटवा दिये हैं अपकी 'पापों की जड़ शराब' पुस्तक ने यहां बड़ा कार्य किया है। मेरा यह एक एक मिनट आपके आदेश पालन में बीता है, इसकी साक्षी

मेरा कार्य दे रहा है। बस इसी प्रकार मुझ पर आपका हाथ बना रहे, यही कामना है, बाकी कठिनाइयां मैं स्वयं साफ कर लूंगा।

समस्त कुलवासी बन्धुओं को यथायोग्य नमस्ते।

आपका

फक्कड़ बेटा ब्रह्मचारी वसु

पोर्ट ब्लेयर

अण्डमान द्वीप समूह

३.२.१९६९

श्रद्धेय गुरुवर्य! सादर नमस्ते चरण वन्दना।

मैं अभी तक मुख्य-मुख्य द्वीपों में जाकर महर्षि का संदेश गुंजा रहा हूं....आपके तप: पुञ्ज के प्रताप तथा शुभाशीर्वाद से मुझे कोई कष्ट नहीं हुआ है। यहां के लोगों पर आर्यसमाज का जो असर हुवा यह तो आकर ही देखें तो बात बने। यहां के लोग आर्यसमाज को श्रद्धा की दृष्टि से देखने लगे हैं। वैसे प्रचार मैंने मन्दिरों में बैठकर किया है गांव-गांव में घूमा हूं। निकोबार तथा ननकवरी भी गया, वहां के हालत देख कर तो कलेजा मुंह को आता है। वहां जो हो रहा है, वह आकर ही बताऊंगा, उसका इलाज न सोचा तो वह दिन दूर नहीं कि यहां भी...। शेष मिलने पर उत्सव पर पहुंच रहा हूं। आपका

फक्कड़ बेटा

ब्रह्मचारी वसु

रक्षा बन्धन से चलेगा भाषा संस्कृति रक्षा महाभियान-स्वामी प्रणवानन्द

श्रीमत् दयानन्द आर्ष वैदिक गुरुकुल न्यास (परिषद्) के अध्यक्ष स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती ने रक्षा बन्धन पर्व को भारतीय भाषा संस्कृति रक्षा संकल्प दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। गुरुकुल गौतम नगर नई दिल्ली में प्रमुख आचार्यगण, विद्वानों व कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए स्वामी जी ने कहा कि आप लोग एक एक भारतीय नागरिक से संपर्क कर उन्हें तीन संकल्प दिलवाएं। **पहला** भारत का समस्त कार्य भारत की भाषाओं में हो। **दूसरा** सांस्कृतिक व आधार भाषा संस्कृत प्रथम कक्षा से कक्षा बारहवीं तक अनिवार्य रूप से पढाई जाए। **तीसरा** मानव निर्माण की स्वदेशी गुरुकुल शिक्षा प्रणाली धीरे धीरे पूरे देश में लागू की जाये क्योंकि कठोर कानूनों के रहते, भारी पुलिस के रहते अनन्त शिक्षा संस्थानों के होते हुए भी अपराध, हत्यायें और आत्महत्यायें बढती ही जा रही हैं क्योंकि मानव का निर्माण नहीं हो रहा है। मानव का निर्माण चरित्रवान् गुरुओं के सानिध्य में गुरुकुलों में ही हो सकता है। पूरे देश में इसकी जागृति करने के लिये गुरुकुल स्नातकों व देशभक्तों की क्षेत्रवार नियुक्तियां की जा रही हैं। २२ अगस्त रविवार को रक्षाबंधन के अवसर पर देश के सभी गुरुकुलों व अन्य शिक्षा संस्थाओं में यह संकल्प दिलाकर अभियान के पहले चरण का आरंभ किया जायेगा। फिर तीन मास तैयारी करके देश के प्रत्येक जिले में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए जायेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रपति से मिला जायेगा। जब तक तीनों बातें लागू नहीं होंगी तब तक संघर्ष बढता जायेगा। **महावीर धीर** अभियान समन्वयक

९४६६५६५१६२

शोक सन्देश (१)

शाहपुर (मुजफ्फरनगर) वासी श्री वेदपाल जी वर्मा शास्त्री का ८ जुलाई २०२१ को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया, वे ८६वर्ष के थे। ये आचार्य भगवन्देव जी के श्रद्धालु भक्तों में से थे। जब आचार्य भगवान्देव जी(स्वामी ओमानन्द जी) सन् १९५७ के हिन्दी सत्याग्रह में कार्य कर रहे थे, उस समय पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार प्रताप सिंह कैरों ने आचार्य जी को गिरफ्तार करने के लिये घोषणा कर दी थी कि इस व्यक्ति को जीवित या मृत पकड़वाने वाले को पचास हजार रुपये दिये जायेंगे। ऐसी अवस्था में आचार्य जी श्री वेदपाल शास्त्री के पास रसलपुर जाटान (मुजफ्फरनगर) में रहे। चौ० आशाराम और डा० कर्णसिंह के निवास पर रहते हुए वेदपाल जी ने आचार्य जी की सेवा सुश्रूषा की तथा वहीं गुप्त रूप से पत्र व्यवहार करते हुए सत्याग्रह का संचालन करते रहे।

श्री वेदपाल जी इन्टर कालेज में पढ़ाते हुए भी आर्यसमाज का प्रचार करते रहे। निरन्तर स्वाध्याय करते हुए **'वेद में कहां क्या'** नामक पुस्तक लिखी। मूलत: ये किरठल के निवासी थे। गुरुकुल किरठल में भी ये सेवा देते रहते थे।

ऐसे आर्यसमाज के सवेक के निधन से पारिवारिक जनों को जो पीड़ा हुई है उस शोक को कम करने के लिये तथा साथ ही उनके आत्मा की सद्गति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई

-सुधारक के संवाददता द्वारा

(२)

गुरुकुल झज्जर के प्रति दृढ आस्था रखने वाले चिमनी (झज्जर) वासी महाशय कूड़ेराम आर्य का ८८ वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। उन्होंने अपने दोनों पुत्र राजेन्द्र कुमार और योगेन्द्र कुमार को गुरुकुल झज्जर में पढ़ाया। पुत्री कुसुम को कन्या गुरुकुल नरेला में पढ़ाया। वे अन्तिम समय तक पूर्ण स्वस्थ थे।

उनका शांतियज्ञ १ अगस्त को आचार्य विजयपाल जी योगार्थी ने कराया। यज्ञ में आत्मा की नित्यता और शरीर की अनित्यता का उपदेश देकर परिवार के लोगों को धैर्य धारण करने तथा दिवंगत आत्मा की सद्गति की प्रार्थना की गई।

अनमोल वचन

मृत्यु उपरांत लोग आपके सद्कर्मों व बुरे कर्मों को ही याद रखेंगे न कि आपकी धन-दौलत को, इसलिये मनुष्य को चाहिये कि वह अच्छे कर्म ही करें ताकि लोग उन्हें इज्जत से याद करें व आपका अगला जन्म भी सुधर सके।

ब्राह्मणों की मान्यता से जातिघात

लेखक-आनन्देव शास्त्री, पूर्व प्रवक्ता (संस्कृत) दिलली सरकार

कश्मीर समस्या-

मोहम्मद गौरी के भारत पर आक्रमण से पूर्व अर्थात् आठवीं शताब्दी से पूर्व वायव्य कोण से भारत पर आक्रमण होते रहते थे। चौदहवीं शताब्दी तक वाहीक, बौद्ध तथा हिन्दू राजाओं का कश्मीर में राज चला (राजतरंगिणी)।

१५८७ में अकबर ने कश्मीर पर अधिकार कर लिया था। १७५० ई० में अहमद शाह अब्दाली ने कश्मीर पर हमला किया और १८९१ तक कश्मीर में अलग-अलग पठानों का राज रहा।

१३वीं शताब्दी में कश्मीर पर तातारों ने हमला किया, तब स्वात के शाहमीर और तिब्बत के रामचन्द्र शाह को सहायता के लिये बुलाया गया। रामचन्द्र शाह ने जीत के बाद सेनापति को मार उसकी कुटारानी से विवाह किया। भिन्न जातीय होने के कारण हिन्दुओं ने उसे नहीं अपनाया अत: वह मुसलमान बन गया। तब उसने अपना नाम सदरूद्दीन रक्खा। इसके मरने के बाद स्वात के शाह ने कश्मीर पर हमला किया। वही कश्मीर का पहला सुल्तान बना। १३९४ में सिकन्दर गद्दी पर बैठा, उसने हिन्दुओं पर भयंकर अत्याचार किये। वहां के यज्ञोपवीत धारी पंडितों को उसने कितनी तादाद में मारा इसका उल्लेख मि० लारेंस ने अपने लेख में किया है-'उसका तरीका यह था कि वह पंडितों को मारकर, जनेऊ उतरवा कर, जनेऊओं की उसने गठरी बंधवाई उनका वजन ७ मन हुआ।' इस में मरने वाले पंडितों की गिनती नहीं की जाती थी, अपितु जनेऊ के वजन से उनका अनमान लगाया जाता था। तब पंडितों के शवों को डल झील मे डाल दिया जाता था।

उसके बाद आजाद खान नामक सुल्तान हुआ यह दो ब्राह्मणों को एक बोरी में भरकर डल झील में डुबो देता था। इसने कश्मीर में जाजिया कर भी लगाया। इसके बाद मीर हजर हुआ, यह दुष्ट भी ब्राह्मणों को घास के थैले की अपेक्षा चमड़े के थैले में भरकर झील में डुबो देता था। इसने शिया मुसलमानों पर भी भयंकर अत्याचार किये।

इसके बाद महमूद खान सुलतान हुआ। यह दुष्ट भी स्त्रियों पर बलात्कार के लिये बदनाम था। इससे बचाने के लिये हिन्दू अपनी लड़कियों के सिर मुंडा देते थे और उनका सौंदर्य बिगाड़ने के लिये उनकी नाक भी काट देते थे।

१८१९ में महाराज रणजीत सिंह ने पंजाब और कश्मीर के मुसलमानों से मुक्त कराया। १८४६ ई० तक कश्मीर पर सिक्खों का अधिकार रहा।

१७५८ ई० में कश्मीर पर रणजीत डोगरा का अधिकार हो गया। १७८० ई० में रणजीत

देव की मृत्यु हो गई।

तब कश्मीर की गद्दी के लिये झगड़े प्रारम्भ हो गय। इसी तरह तीन पीढियां बीत गई। महाराजा रणजीत सिंह के तीन व्यक्ति सेनापति रहे। ये तीन सेनापति गुलाब सिह, ध्यान सिंह और सुचेत सिंह थे। महाराजा रणजीत सिंह ने इनकी सेवा से प्रसन्न होकर १८१८ में गुलाब सिंह को जम्मू का राज सौंप दिया ध्यान सिंह को पुंछ और चिंबल का राज दिय। सुचेत सिह को रामनगर का राजा बनाया। आगे चलकर सुचेत सिंह और ध्यान सिंह युद्ध में मारे गये । तब गुलाब सिंह ही तीनों राज्यों का राजा बन गया। १८४६ में अंग्रेज सिक्ख युद्ध में अंगेज विजयी हुए। उन्होंने पंजाब के सत्ताधारियों से एक करोड़ रुपया और बड़ा भूभाग मांगा। तब राजा ने व्यास और सिंध प्रदेश देने की पेशकश की, क्योंकि एक करोड़ रुयये देने में वह असमर्थ था। उस समय भारत का गवर्नर जनरल हाकिन्स था, उसको यह सौदा नहीं जचा। उस समय गुलाब सिंह एक करोड़ रुपया देने को को तैय्यार हो गया। गुलाब सिंह ने अंगेजों के आगे शर्त रखी कि उसे जम्मू-कश्मीर का स्वतन्त्र राजा बनाया जाय। यह सन्धिपत्र १८४६ ई० में अमृतसर में लिख गया था। इस प्रकार जम्मू-कश्मीर एक पृथक् स्वतंत्र राज्य बना।

जम्मू क्षेत्र कश्मीर के दक्षिण में है ,पूर्व में लद्दाख, उत्तर में वल्टिसतान है, पश्चिम में गिलगित, मुजफ्फराबाद, रैखी-पुंछ, मीरपुरा थे। इसका क्षेत्रफल ४३०७०००० (तैतालीस लाख सत्तर हजार) था।

चौदहवीं शताब्दी के आक्रमणों के बाद लोग मुसलमान बनते चले गये, धर्म परिवर्तन और स्त्रियों को भ्रष्ट करना शताब्दियों तक चलता रहा। स्वराज्य प्राप्ति के समय कश्मीर हिन्दू राजा के हाथ में था, परन्तु ७७ प्रतिशत प्रजा मुसलमान थी। राजा ने हिन्दू संस्कृति की पुन: स्थापना के लिये, उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य में, मुसलमानों को शुद्ध करने का प्रयास किया, किन्तु काशी के पंडितों ने उस शुद्धि का विरोध किया। कर्बेल ने इस घटना का विवरण 'डेंजर इन कश्मीर' पुस्तक के पन्द्रह (१५) पृष्ठ पर किया है।

श्री बाल शास्त्री हरदास ने, डा० मुंजे का चरित्र लिखा है। उसके खण्ड-१ पृष्ठ ५१ पर इस प्रकार वर्णन है:-

'मुसलमान प्रमुखों ने राजा से प्रार्थना की। हम मुसलमानी अत्याचारों से डरकर हिन्दू से मुसलमान बन गये थे। अब आप हिन्दू राजा हैं, हम आपसे हिन्दू धर्म में लेने की प्रार्थना करते हैं। आप जो भी आदेश देंगे हम वही प्रायश्चित करेंगे। उस समय कुटुम्ब के कुटुम्ब हिन्दू बनना चाहते थे।'

जब काशी के पंडितों ने शुद्धि का विरोध किया तब राजा ने स्वयं शुद्धि का प्रबन्ध किया और घोषणा करवा दी कि जो कोई भी व्यक्ति हमारे शुद्धियज्ञ में सम्मिलित होगा, वह हिन्दू माना जायेगा। अब पुरोहित जोकि ब्राह्मण थे उसने शुद्धियज्ञ में रोड़ा अटकाया। उसने राजा को धमकी दी कि यदि आप यह शुद्धि

का अधर्म करेंगे तो मैं झेलम नदी में कूदकर आत्महत्या कर लूंगा और वह मूर्ख पुरोहित ऐसा कहकर झेलम नदी में कूद पड़ा। भोला राजा ब्रह्महत्या के पाप से डर गया। राजा ने उस मूर्ख पुरोहित को नदी से बाहर निकाला यज्ञ स्थगित करना पड़ा। कश्मीर के वे हिन्दू बनने के इच्छुक नागरिक मुसलमान ही रह गये।

१८५७ ई० में गुलाब सिंह का देहान्त हो गा। १८८५ तक रणवीर सिंह गद्दी पर रहा। १९१५ ई० से १९४७ तक महाराजा हरिसिंह का राज रहा। देश स्वतंत्र होने पर कश्मीर को भारत में मिलाने की घोषणा हुई थी।

हिन्दुस्तान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की दृष्टि से कश्मीर का बड़ा महत्त्व है। जब कश्मीर का विलय स्वीकृत हो गया तब जवाहरलाल नेहरू ने यह घोषणा कर दी कि जैसे ही पाकिस्तान का आक्रमण समाप्त हो जायेगा, कश्मीर की जनता जनमत के आधार पर भारत या कश्मीर में शामिल हो सकती है। उसके बाद नेहरू अपनी मूर्खता से कश्मीर के मामले को संयुक्त राष्ट्रसंघ में ले गये और भारत की आंतरिक समस्या को विश्व के हाथों सौंप दिया और तभी से कश्मीर का झगड़ा आज तक चल रहा है। कश्मीर को लेकर भारत-पाक के बीच बड़े युद्ध भी हो चुके हैं, जिनमें भारत के जन-धन की बड़ी हानि हो चुकी है। बीसवीं सदी में कश्मीर के मुसलमानों ने कश्मीर के पंडितों की बड़े पैमाने पर हत्याएं की। स्त्रियों के साथ सामूहिक बलात्कार किये स्त्रियों का बड़े पैमाने पर अपहरण हआ, उनके घर लूटकर जला दिये। तब बचे हुए पंडितों के परिवार किसी प्रकार जान बचाकर दिल्ली पहुंचे और दिल्ली में निराश्रित और विस्थापित बहुत वर्षों तक दु:ख भोगते रहे। यहां इन्हें मुसलमान परस्त कांग्रेस सरकार ने राशनकार्ड आदि तथा नागरिकता भी प्रदान नहीं की।

मोदी सरकार ने कश्मीर से धारा ३७० हटाई और इन विस्थापित पंडितों को नागरिकता भी प्रदान की।

इस सार घटाक्रम में एक बात ध्यान देने योग्य है कि जिस समय कश्मीर की मुसलमान प्रजा राजा से प्रार्थना करके हिन्दू बनना चाहती थी, तब इन्हीं पंडितों के पूर्वज पंडितों ने ही कश्मीर के मुसलमानों को हिन्दू नही बनने दिया और राजा द्वारा किये जा रहे शुद्धि यज्ञ को रुकवा कर जो महापाप किया था उस महापाप का प्रायश्चित उन रूढ़िवादी पंडितों के उत्तरवर्ती सन्तानों को महाकष्ट भोगने के रूप में करना पड़ा। यदि मूर्ख राज पुरोहित उस समय महाराजा को शुद्धियज्ञ से न रोकता तो न तो मुसलमान ही कश्मीर में बहुमत में रहते और न ही वर्तमान कश्मीरी पंडितों को ये भयंकर दु:ख सहन पड़ते।

बंगाल का काला पहाड

बंगाल का काला पहाड़ इतिहास में प्रसिद्ध है। यह एक बंगाली ब्राह्मण युवक था, जिसका नाम कालीपाद था। वह बड़ा सुन्दर और बलवान् था। वह प्रतिदिन प्रात: नदी में स्नान करके एक धोती वस्त्र धारण किये नवाब के महल

के पास से जाया करता था। उसको देखकर ढाका के नवाब की लड़की उस ब्राह्मण युवक पर मोहित हो गई और उसने अपने पिता से कहा कि मैं इसी युवक से विवाह करूंगी। नवाब के बहुत समझाने पर भी जब वह नहीं मानी तब नवाब ने कालिपाद को बुलाकर कहा कि तू मेरी बेटी से शादी करले, किन्तु कालिपाद ने समाज के बहिष्कृत होने के डर से उस लड़की के साथ विवाह करने से मना कर दिया। तब नवाब ने क्रोध में आकर उस युवक को फांसी देने का आदेश दिया तथा उसे जेल में डलवा दिया। किन्तु फांसी वाले दिन वह लड़की भी फांसी के स्थान पर आ पहुंची और कालिपाद के साथ स्वयं भी मरने को उद्यत हो गई। नवाब ने लड़की का सच्चा प्रेम देखा तो कालिपाद को फांसी से मुक्त कर दिया। कालिपाद ने जब लड़की का अपने प्रति प्रेम देखा तो उसका हृदय बदल गया और वह नवाब की लड़की से विवाह करने को तैयार हो गया किन्तु कालिपाद के कुटुम्ब और बिरादरी वालों ने उसे बहिष्कृत कर दिया। कालिपाद ने अपनी बिरादरी वालों से बहुत अनुनय विनय की और कहा कि मैं उस लड़की को शुद्ध करके हिदू बना लूंगा और प्रायश्चित रूप में बिरादरी जो भी दण्ड देगी उसको स्वीकार करूंगा किन्तु बिरादरी वालों अर्थात् ब्राह्मणों का मन नहीं पसीजा और उसे बिरादरी से बहिष्कृत कर दिया। तब वह कालिपाद मुसलमान बन गया और उसका नाम कालेखां रक्खा गया। तब नवाब ने कालेखां को कुछ सेना भी दे दी। कालेखां जाति बहिष्कृत करने से प्रतिशोध की ज्वाला में जल रहा था। उसने लाखों हिन्दुओं की हत्या की और लाखों को मुसलमान बनाया। उसका नाम काला पहाड़ पड़ा। यदि उसकी बिरादरी वाले ब्राह्मण नवाब की लड़की को शुद्ध कर लेते तो बंगाल में इतने मुसलमान न होते।

सम्पर्क सूत्र-
१११/१९, आर्यनगर, झज्जर
मो० नं० ९९९६२२७३७७

आर्य दैनन्दिनी-२०२२ (डायरी)

जैसा कि आप सभी को विदित है कि आर्य प्रकाशन हर वर्ष आर्य दैनन्दिनी का प्रकाशन करता है तथा उसमें संन्यासी, विद्वान्, विदुषी, भजनोपदेशक तथा गुरुकुलों के नाम, दूरभाष नम्बर सहित प्रकाशित करता है। अत: आपसे निवेदन है कि आप अपने नाम के साथ दूरभाष व अपना पता भेजें, जिससे कि सही नम्बर प्रकाशित हो सके। कई विद्वानों के नम्बर बदल गये हैं, अत: आप सभी से निवेदन है कि आप सब अपना नया नम्बर और पता भेजें। यह आप ३१ अगस्त २०२१ तक पत्र द्वारा या ईमेल arya prakashan @gmail. con अथवा 9868244958 पर वाट्सऐप द्वारा भेजने की कृपा करें। जिससे भली प्रकार से आर्य दैनन्दिनी में प्रकाशित किया जा सके।

सम्पर्क सूत्र-संजीव आर्य (प्रबन्धक)
आर्य प्रकाशन, ८१४ कुण्डेवालान,
अजमेरी गेट, दिल्ली-११११०००६
मो० 9868244958
ईमेल arya prakashan @gmail com

गुरुकुल झज्जर की विशेषता

- प्राचीन आर्ष प्रणाली के द्वारा वेदादि शास्त्रों और संस्कृत भाषा के पठन-पाठन को जीवित बनाये रखना।
- ब्रह्मचर्य के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ जनता में आसन-प्राणायाम आदि का क्रियात्मक प्रचार करना।
- स्कूलों, कॉलजों, ग्रामों और नगरों में यज्ञ तथा धर्मोपदेशों के द्वारा युवा पीढ़ी को उत्साहित करके संस्कारवान् बनाना।
- संस्कृत-हिन्दी के जनोपयोगी ग्रन्थों का प्रकाशन और वितरण करना।
- भारत के प्राचीन इतिहास के अन्वेषणार्थ पुरातत्व संग्रहालय के आधार पर छात्रों को शोधकार्यार्थ प्रेरित करना।
- आयुर्वेदिक औषधालय और चिकित्सालय के द्वारा औषध तैयार करके रुग्ण व्यक्तियों को स्वास्थ्यलाभ प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना।
- प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से कष्टसाध्य रोगों का उपचार करना।
- अतिथि के रूप में पधारने वाले परोपकारी, विद्वान्, संन्यासी आदि सज्जनों का नि:शुल्क रूप में भोजन-आच्छादन से यथेष्ट सत्कार करना।
- वैदिक संस्कृति सभ्यता और गोरक्षा आदि पर यदि कोई आपत्ति आती है तो उसके निराकरण के लिये सत्याग्रह आदि क्रियाकलापों के द्वारा यथासंभव आपत्ति को दूर करना।
- जनता में भ्रम और अज्ञानवश अवैदिक मान्यताओं और पाखण्डों से होने वाली हानि दिखाकर लोगों को सन्मार्ग पर लाने का प्रयत्न करना।
- गुरुकुल में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक परिश्रम से होने वाले कार्यों के प्रति भी जागरूक और उत्साहित करना।
- लेखक के रूप में वेद, उपनिषद्, स्मृति, दर्शन, व्याकरण, छन्द, ज्योतिष आदि ग्रन्थों के भाष्यकार भी इस गुरुकुल की देन हैं।
- योगासन, प्राणायाम, व्यायाम, कुश्ती, मल्लखम्भ, लाठी, भाला, तलवार आदि विविध प्रकार के भारतीय व्यायाम की शिक्षा देने वाले स्नातक भी इसी गुरुकुल के स्नातक हैं।
- वेद, दर्शन, उपनिषद्, व्याकरण, छन्द, काव्य, आयुर्वेद, इतिहास, ब्रह्मचर्य, व्यायाम, प्राणायाम और समाज सुधार सम्बन्धी संस्कृत-हिन्दी के सैकड़ों ग्रन्थों का प्रकाशन गुरुकुल की ओर से निरन्तर चलता रहता है।

हमारी विशिष्ट औषधियाँ

संजीवनी तैल

यह तैल घाव के भरने में जादू का काम करता है। भयंकर फोड़े-फुन्सी, गले-सड़े पुराने जख्मों तथा आग से जले हुए घावों की अचूक दवा है। कोई दर्द या जलन किये बिना थोड़े समय में सभी प्रकार के घावों को भरकर ठीक कर देता है। खून का बहना तो लगाते ही बन्द हो जाता है। चोट की भयंकर पीड़ा को तुरन्त शान्त कर देता है। दिनों का काम घण्टों में और घण्टों का काम मिनटों में पूरा कर देता है।

मूल्य : 100 रुपये

च्यवनप्राश

शास्त्रोक्त विधि से तैयार किया हुआ स्वादिष्ट सुमधुर और दिव्य रसायन (टॉनिक) है। इसका सेवन प्रत्येक ऋतु में स्त्री, पुरुष, बालक व बूढ़े सबके लिए अत्यन्त लाभदायक है। पुरानी खांसी, जुकाम, नजला, गले का बैठना, दमा, तपेदिक तथा सभी हृदयरोगों की उत्तम औषध है। स्वप्नदोष, प्रमेह, धातुक्षीणता तथा सब प्रकार की निर्बलता और बुढ़ापे को इसका निरन्तर सेवन समूल नष्ट करता है। निर्बल को बलवान् और बूढ़े को जवान बनाने की अद्वितीय औषध है। च्यवन ऋषि इसी रसायन के सेवन से जवान होगये थे।

मूल्य : 1 किलो 300 रुपये

नेत्रज्योति सुर्मा

सुर्मे तो बाजार में पर्याप्त मात्रा में मिल जाते हैं परन्तु इतना लाभप्रद और सस्ता सुर्मा मिलना कठिन है। इसके लगाने से आंखों के सब रोग जैसे आंखों से पानी बहना, खुजली, लाली, जाला, फोला, नजर की कमजोरी आदि विकार दूर होते हैं तथा बुढ़ापे तक आंखों की रक्षा करता है। दुखती आंखों में भी इसका प्रयोग अत्यन्त लाभप्रद है।

मूल्य : 50 रुपये

बलदामृत

हृदय और उदर के रोगों में रामबाण है, इसके निरन्तर प्रयोग से फेफड़ों की निर्बलता दूर होकर पुनः बल आजाता है। पीनस (सदा रहनेवाला जुकाम और नजले) की औषधि है। वीर्यवर्धक, कासनाशक, राजयक्ष्मा, श्वास (दमा) के लिए लाभकारी है। रोग के कारण आई निर्बलता को दूर करता है तथा अत्यन्त रक्तवर्धक है।

मूल्य : 200 रुपये

आर्य आयुर्वेदिक रसायनशाला, गुरुकुल झज्जर

गुरुकुल झज्जर के प्रमुख प्रकाशन

१.	व्याकरणमहाभाष्यम् (५ जिल्द) (प्रदीप उद्योत, विमर्शसहित)	१०५०-००
२.	अष्टाध्यायी (पाणिनि मुनि)	४०-००
३.	कारिकाप्रकाश (पं० सुदर्शनदेव)	२५-००
४.	लिङ्गानुशासनवृत्ति (पं० सुदर्शनदेव)	१५-००
५.	फिट्सूत्रप्रदीप (पं० सुदर्शनदेव)	१०-००
६.	अष्टाध्यायीप्रवचनम् (६ भाग) "	६५०-००
७.	काव्यालंकारसूत्राणि (आचार्य मेधाव्रत)	२५-००
८.	दयानन्द लहरी (मेधाव्रत आचार्य)	१५-००
९.	दयानन्ददिग्विजयम् (१-२ भाग) "	३५०-००
१०.	निरुक्त (हिन्दीभाष्य) (पं० चन्द्रमणि)	२५०-००
११.	योगार्यभाष्य (पं० आर्यमुनि)	२०-००
१२.	सांख्यार्यभाष्य (पं० आर्यमुनि)	८०-००
१३.	मीमांसार्यभाष्य (३ भाग)	२६०-००
१४.	महारानी सीता (स्वामी ओमानन्द)	१००-००
१५.	छान्दोग्योपनिषद्भाष्यम् (पं० शिवशंकर)	२५०-००
१६.	ओरिजनल फिलासफी ऑफ योगा	२५०-००
१७.	वैदिक गीता (स्वामी आत्मानन्द)	६०-००
१८.	मनोविज्ञान तथा शिवसंकल्प "	३०-००
१९.	दयानन्दप्रकाश (स्वामी सत्यानन्द)	८०-००
२०.	धर्मनिर्णय (१-४ भाग)	८०-००
२१.	वैदिकविनय (१-३ भाग)	६०-००
२२.	देशभक्तों के बलिदान	१५०-००
२३.	सत्यार्थप्रकाश (स्वामी दयानन्द)	२००-००
२४.	संस्कारविधि (स्वामी दयानन्द)	५०-००
२५.	आर्योद्देश्यरत्नमाला (स्वामी दयानन्द)	५-००
२६	व्यवहारभानु (स्वामी दयानन्द)	१५-००
२७.	स्वतन्त्रता संग्राम में आर्यसमाज का योग	४०-००
२८.	चारों वेद मूल	८८०-००
२९.	सामपदसंहिता	२५-००
३०.	सुखी जीवन (सत्यव्रत)	३०-००
३१.	महापुरुषों के संग में (सत्यव्रत)	१५-००
३२.	दैनंदिनी (सत्यव्रत)	३५-००
३३.	घर का वैद्य (वैद्य बलवन्तसिंह) १-५ भाग	१००-००
३४.	संस्कृतप्रबोध (आचार्य बलदेव)	२०-००
३५.	स्वामी ओमानन्द अभिनन्दन ग्रन्थ	१००-००
३६.	स्वामी ओमानन्द ग्रन्थमाला (४ जिल्दों में)	१२००-००
३७.	ब्रह्मचर्य के साधन (स्वामी ओमानन्द)	१००-००
३८.	प्राचीन भारत के मुद्रांक (भाग-१) "	६००-००
३९.	स्वामी ओमानन्द जीवन (वेदव्रत शास्त्री)	४००.००
४०.	रामायणार्यभाष्य (दो भाग)	३२०-००
४१.	महाभारतार्यभाष्य (दो भाग)	४५०-००
४२.	प्राचीन भारत में रामायण के मन्दिर	२००-००
४३.	नौरंगाबाद की मृन्मूर्तियां	२५०-००
४४.	अगरोहा की मृन्मूर्तियां	८००-००
४५.	प्राचीन ताम्रपत्र एवं शिलालेख	२००-००
४६.	प्राचीन भारत के मुद्रांक (भाग-२)	३००-००
४७.	छन्दःसूत्रम् (हिन्दी भाष्य सहित)	१२०-००
४८.	आर्य सत्संग पद्धति	१०-००

आर.एन.आई. द्वारा रजि. नं. 11757
पंजीकरण संख्या-HP/RTK/85-B/2020-22

सुधारक लौटाने का पता :-
गुरुकुल झज्जर, जिला झज्जर (हरयाणा)-124103
E-mail : gurukuljhajjar@gmail.com

ग्राहक संख्या

श्री _____

स्थान _____

डा० _____

जिला _____

प्रकाशक आचार्य विजयपाल गुरुकुल झज्जर ने आचार्य प्रिंटिंग प्रेस, दयानन्दमठ, गोहाना मार्ग, रोहतक में मुद्रक-डॉ० विक्रम सिंह शास्त्री के प्रबन्ध से छपवाया।